
# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीएम साहब के गृह क्षेत्र के गांववासी उपचार के लिए कर रहे मशक्कत

**जिम्मेदार कौन**

## इलाज के लिए चक्कर काटने को हल्द्वानी-बरेली जाने को हो रहे है मजबूर

दस साल तक सीएचसी का सपना देख ग्रामीण ले रहे थे उपचार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ का स्वास्थ्य महकमा जहां एक ओर जिले के सबसे बड़े अस्पताल में विभिन्न प्रकार की मशीनरी सेवाओं की ओर कदम बढ़ाने के दावे कर रहा है। वही आलम यह है कि वर्तमान सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र के सामुदायिक अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पाने की उम्मीद में सीएम साहब के गृह क्षेत्र के गांववासी आज भी तरस रहे है। आलम यह है कि दस साल तक जहां कलानीछीना के गांव के ग्रमीण सीएचसी का सपना देख स्वास्थ सुविधाएं ले रहे थे वर्तमान में वहां पर सीएचसी का बोर्ड हटाकर पीएचसी कर दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक बीते साल 2010 में कलानीछीना सीएचसी का



उद्घाटन रमेश पोखरियाल निशंक ने किया था। वही कलानीछीना के ग्रमीणों ने बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की उम्मीद लगाई थी।

बता दें कि चालीस हजार आबादी के साथ ही पड़ोसी देश नेपाल क्षेत्र से खासी तादात में यहां इलाज के लिए ग्रमीण आते रहते है। लेकिन क्षेत्र के ग्रमीणों के साथ ही अन्य पड़ोसी क्षेत्र के गांवों से आने वाले ग्रमीण अब तक विशेषज्ञ डाक्टरों की तैनाती न होने की वजह से आज भी इलाज व खून की जांच के लिए बरेली, हल्द्वानी के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे है।

कई बार शासन को सीएचसी की व्यवस्थाओं के लिए पत्र मोदन करने के बाद भी अब तक उनकी समस्याओं का हल नही निकल सका है।

शासन से अब तक सीएचसी उच्चीकरण के लिए स्वीकृति न मिल पाना बेहद चिंता का विषय बन गया है। वर्तमान में यहां पर तीन डॉक्टर और स्टाफ नर्स तैनात है। आलम यह है कि अब तक यहां पर विशेयज्ञ डॉक्टरों की तैनाती न हो पाने के कारण गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए हल्द्वानी ,बरेली के चक्कर काटने पड़ना लाज्मी हो गया है।

इस बारे में डॉक्टर आरएस श्रीवास्तव ने कहा कि सीएचसी उच्चीकरण के लिए कई बार शासन को प्रस्ताव भेजने के बाद भी आज तक उच्चीकरण के लिए स्वीकृति न मिल पाना बेहद चिंता का विषय है। अब इस मामले को सीएम के समक्ष रखेगे। गृह क्षेत्र का मामला होने के कारण सीएम साहब इसका हल कब तक निकाल पाते है यह अब गांव के ग्रमीण आज भी जहन में उम्मीद लगाकर बैठे है।

## न्यूज डायरी

### मोर्चों के पदाधिकारी महीने में 10 दिन अपने क्षेत्र, मंडल में प्रवास करेंगे

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रदेश के सभी मोर्चो के पदाधिकारी महीने में 10 दिन अपने क्षेत्र, मंडल में प्रवास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यक्रम फाइनल हो चुके हैं और उसी अनुसार मोर्चो की जिम्मेदारी भी तय की गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में सभी मोर्चो ने बेहतर कार्य किया है और आम लोगों से जुड़कर सेवा भाव से जुटे रहे। कोरोना के समय महिला मोर्चा से लेकर सभी मोर्चो ने ब्लड कैंप से लेकर, मास्क,सैनिटाइजर, आक्सीजन सिलेंडर,अस्पतालो में बेड, वैक्सिनेशन तक बेहतर कार्य किया। अब चुनाव में उनकी भागेदारी तय की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी को युवा नेतृत्व और 60 प्लस के नारे को आम जन तक पहुचाना है। उक्त वक्तव्य श्री कौशिक ने भाजपा के मोर्चों के प्रदेश पदाधिकाररियों को संबोधित करते हुए कही।

### उत्तराखंडियों के प्रति घृणित शब्दों का प्रयोग बर्दाश्त से बाहरः उक्रांद

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड देवभूमि के प्रति दिल्ली से आयी तीसरी पार्टी आप घृणित व अपमानित मानसिकता का प्रदर्शन करते आयी है। आप का मुखिया कभी दिल्ली के कूड़े की ढेरों की तुलना नंदा देवी चोटी से किया। यही नहीं दिल्ली दंगों में उत्तराखंड के बेटे दलबीर नेगी की निर्मम हत्या आप के पार्षद के द्वारा किया गया। अब आप की एक प्रवक्ता उत्तराखंड के लोगों के प्रति विशेषकर पहाड़ियों के प्रति अपमानित शब्दों का प्रयोग एक पोर्टल चौनल में बोलकर शर्मसार कर चुकी है। यूकेडी के निवर्तमान प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा कि उक्रांद का स्पष्ट मानना है कि ये लोग तुच्छ मानसिकता को लेकर इस तरह का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### जावा ने 1971 के युद्ध में मिली जीत पर खाकी और मिडनाइट ग्रे रंग पेश किए

**संवाददाता** देहरादून। यह कैलेंडर पर दिखने वाली महज कोई संख्या या एक वर्ष नहीं है। 1971 एक गौरवशाली मील का पत्थर है, जो हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और वीरता से सुसज्जित है, जिसकी बदौलत एक राष्ट्र के रूप में भारत को इतिहास की सबसे उल्लेखनीय जीत मिली। इस साल 1971 की युद्ध जीत की 50वीं वर्षगांठ है और जावा मोटरसाइकिलें हमारे फॉरएवर हीरोज की वीरता को सम्मान देने के लिए सामने आई हैं। अपनी हैज टेग फॉरएवर हीरोज पहल को जारी रखते हुए, ब्रांड ने 1971 के युद्ध में मिली जीत की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अपने आधुनिक क्लासिक जावा के दो नए रंग पेश किए हैं।

## एनएचएम में शीघ्र भरे जायेंगे 1865 रिक्त पद

■बागेश्वर एवं रूद्रप्रयाग को दिया शीघ्र सौ फीसदी वैक्सीनेशन का लक्ष्य

**संवाददाता** देहरादून। राज्यभर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, एएनएम, स्टाफ नर्स एवं पैरा मेडिकल स्टाफ के रिक्त 1865 पदों पर शीघ्र भर्ती की जायेगी। सूबे में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों का गठन किया जायेगा। वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव के लिए सर्वप्रथम बागेश्वर व रूद्रप्रयाग जिलों को शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करने का लक्ष्य दिया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी आम जनता तक पहुचाने के उद्देश्य से जल्द ही जन प्रतिनिधियों के सम्मेलन आयोजित कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा। यह बात चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने आज विधानसभा स्थित सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रिक्त 1865 पदों को शीघ्र भरा जायेगा। जिसमें स्टाफ नर्स, एएनएम, लैब टेक्निशियन सहित अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ शामिल है। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द विभागीय प्रक्रिया को अमल में लाया जाय। उन्होंने कहा कि बागेश्वर एवं रूद्रप्रयाग जनपदों में वैक्सीनेशन का प्रदर्शन अन्य जिलों के मुकाबले बेहत्तर है।


**कार्यालय सहायक अभियन्ता (प्रथम) ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड देहरादून।**
**पत्र संख्या–146/ग्रा0नि0वि0/निविदा–सूचना/2021–22 दिनांक 9–7–2021**

**।। अति अल्पकालीन निविदा सूचना।।**

उत्तराखण्ड राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदत्त अधिकारो का प्रयोग करते हुए उत्तराखण्ड प्रोक्योरमैन्ट रूल के परिपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की सीलबन्द निविदा दिनांक 17–07–2021 को अपरान्ह 2.00 बजे तक ग्रामीण निर्माण विभाग, देहरादून मे पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सांय 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधीकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में निविदा खोलने की तिथि से एक दिन पूर्व सांय 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा करा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | विभाग/योजना का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवंजीएसटी अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार हेतु श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सौधोवाली में रामपुकार व उदयप्रसाद के घर के सामने सडक व पुश्ते का निर्माण। | विधायक निधि | 20000.00 | 1000 + जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |
| 2 | मयूर विहार में सामुदायिक भवन के पास सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | विधायक निधि | 20000.00 | 1000+ जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |
| 3 | कैनाल रोड में जाखन में श्री पूनम नौटियाल आदि के आवास से कैनाल रोड तक सी0सी0सडक व नाली आर0सी0सी0 स्लैब एवं लोहे के जाल का कार्य। | विधायक निधि | 20000.00 | 1000 + जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |
| 4 | नालापानी देहरादून में सामुदायिक अम्बेडकर भवन के प्रथम तल पर टीनशेड का निर्माण कार्य। | विधायक निधि | 18000.00 | 1000 + जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |
| 5 | कण्डोली स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर छात्रावास में तीन शौचालय खण्डो का मरम्मत कार्य। | समाज कल्याण | 16000.00 | 1000 + जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |
| 6 | कण्डोली स्थित डॉ0 भीमराव अम्बेडकर छात्रावास भवन के भूतल में मरम्मत कार्य। | समाज कल्याण | 16000.00 | 1000 + जी0एस0टी0 | चार माह | डी एवं उच्च |

**निविदा की शर्तें –**

1– निविदा की शेष विस्तृत शर्त/जानकारी कार्यालय सहायक अभियन्ता(प्रथम) ग्रामीण निर्माण विभाग,प्रखण्ड, देहरादून से प्राप्त की जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता(प्रथम)**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड, देहरादून।**




पार्टी पदाधिकारियों के साथ सीएम ने बैठक में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बलवीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में प्रदेश के समस्त मोर्चों के पार्टी पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में प्रतिभाग किया।

### यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्घाटन

**संवाददाता** देहरादून। यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रुड़की (यूईटीआर) ने लॉन्च के बाद छात्रों का प्रवेश आरम्भ कर दिया। सभी कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, इस प्रीमियर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन बेबी रानी मौर्य, राज्यपाल, उत्तराखंड की गरिमामयी उपस्थिति में जे.सी. जैन, चांसलर, यूईटीआर की ओर से किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथियों में, त्रिवेंद्र सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखंड, डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार, और स्वामी यतीश्वरानंद, गन्ना विकास और गन्ना उद्योग मंत्री, उत्तराखंड सरकार शामिल रहे।